आईजी ने एसपी संग नोमैंस लैंड की स्थिति जांची

जायजा

श्रावस्ती, संवाददाता। इंडो-नेपाल सीमा की स्थिति का जायजा लेने के लिए गुरुवार को एसएसबी आईजी ने सीमा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक व नेपाल सीमा प्रहरियों के साथ सीमा का निरीक्षण कर सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही सीमा चौकी में बैठक कर सीमा चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

सोनपथरी में आईजी को सम्मानित करतीं एसपी प्राची सिंह

भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा के लिए एसएसबी तैनात है। सीमा की वास्तविक स्थिति को जांचने के लिए बुधवार को सशस्त्र सीमा बल सीमान्त मुख्यालय के महानिरीक्षक रत्न संजय श्रावस्ती पहुंचे। सीमा चौकी सोनपथरी में उन्होंने रात्रि विश्राम किया। इसके बाद गुरुवार को उन्होंने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह व 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कमांडेन्ट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी के साथ सीमा चौकी सुइया व सोनपथरी क्षेत्र स्थित भारत नेपाल सीमा का दौरा कर नोमैंस लैंड की स्थिति को देखा। साथ ही सीमा सुरक्षा की जानकारी ली। इस दौरान नेपाल सीमा प्रहरी व एसएसबी के अन्य जवान मौजूद रहे। चौकियों में सैनिक सम्मेलन किया और जवानों का कुशलक्षेम जाना। साथ उनकी समस्याओं को सुना तथा उनका निदान भी किया। रत्न संजय ने कहा कि सभी जवान सीमा की सुरक्षा को लेकर हमेशा सतर्क रहें। एसएसबी जवानों, पुलिस व नेपाल एपीएफ के साथ बैठक कर उन्होंने सीमा पर होने वाले अतिक्रमण, ड्रग्स तस्करी व हथियारों की तस्करी, आदि गम्भीर विषयों पर चर्चा की और आपसी तालमेल व सहयोग पर सहमति हुई। इस मौके पर एसएसबी निरीक्षक रघुनाथ, नेपाल से निरीक्षक सुजान कुमार गोएल श्रेष्ठ, मुख्य आरक्षी सुदर्शन सुनार, बसंता भगत, महेन्द्र यादव के साथ ही निरीक्षक रमेश कुमार यादव, एपीएफ से रमेश विक्रम साही, निरीक्षक नन्द किशोर महतो, निरीक्षक दयाराम पौडेल आदि मौजूद रहे।